an>

Title: Regarding new railway lines in Rajasthan.

डॉ. रघु शर्मा (अजमेर) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान मेरे निर्वाचन क्षेत्र की महत्वपूर्ण नई रेल लाइनों के संदर्भ में आकर्षित करना चाहता हूं। अजमेर- नसीराबाद- केकड़ी- टोंक-चौथका बरवाड़ा सवाई माधोपुर नई रेल लाइन की घोषणा यूपीए सरकार के दौरान रेल बजट में कर दी गई थी, लेकिन सरकार बदलने के बाद दो-तीन साल के लिए इस प्रोजेक्ट को ठंडे बस्ते में डालने के बाद वर्ष 2015-16 में वर्तमान सरकार ने फिर से स्वीकृत किया है। यह 872 करोड़ रुपयों की योजना है। इस इलाके ने आजादी के इतने समय बाद भी रेल लाइन नहीं देखी है। राजस्थान का महत्वपूर्ण जिला टोंक है, वह भी इसमें कवर होता है। यूपीए सरकार के समय पुष्कर तक रेल लाइन बिछ गई थी। अगर इस रेल लाइन को मेड़ता से जोड़ दिया जाए, तो आधे से ज्यादा राजस्थान की जनता को इससे फायदा मिलेगा।

माननीय अध्यक्ष : आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

डॉ. रघु शर्मा: अध्यक्ष महोदया, मैं पहली बार जीत कर आया हूं। आप मुझे बोलने का मौका दें।

यह बहुत महत्वपूर्ण रेल लाइन है। राजस्थान के लाखों लोगों का भविष्य इस रेल लाइन से जुड़ा हुआ है। हमारी सरकार के समय हमने इस तरफ ध्यान दिया, लेकिन आज के समय ये योजनाएं शुरू नहीं हो रही हैं। मेरा आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से निवेदन है कि उक्त रेल लाइनों के प्रोजेक्ट को शीघ्र शुरू करने की कृपा करें।

श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया (गुना) : अध्यक्ष महोदया, हम सदन में सादगी से बैठे हैं, लेकिन बोलने का मौका ही नहीं मिलता है। मैं एक बहुत गंभीर

मुद्दा सदन में उठाना चाहता हूं।

माननीय अध्यक्ष : यह एडजोर्नमेंट मोशन का विषय है, फिर भी मैं आपको बोलने के लिए एलाऊ करूंगी। आप अभी बैठ जाएं।